रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-21122023-250811
CG-DL-E-21122023-250811

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 721] नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, दिसम्बर 21, 2023/अग्रहायण 30, 1945
No. 721] NEW DELHI, THURSDAY, DECEMBER 21, 2023/AGRAHAYANA 30, 1945

वित्त मंत्रालय

(आर्थिक कार्य विभाग)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 21 दिसम्बर, 2023

सा.का.नि. 905(अ).—केन्द्रीय सरकार, सिक्का-निर्माण अधिनियम, 2011 (2011 का 11) की धारा 24 की उपधारा (2) के खंड (घ) और खंड (ङ) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, निम्नलिखित नियम बनाती है,

अर्थात्:-

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ.-** (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम सिक्का-निर्माण (डॉ. पंजाबराव उपाख्य भाऊसाहेब देशमुख की 125 वीं जयंती के अवसर पर स्मारक सिक्का जारी करना) नियम, 2023 है।

(2) ये राजपत्र में उनके प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. **सिक्के का मूल्य वर्ग.-** डॉ. पंजाबराव उपाख्य भाऊसाहेब देशमुख की 125 वीं जयंती के अवसर पर केंद्रीय सरकार के प्राधिकार के अधीन जारी करने के लिए टकसाल में एक सौ पच्चीस रूपये मूल्य वर्ग का सिक्का ढाला जाएगा ।

3. **सिक्के की विमा और संरचना.-** नियम 2 में उल्लिखित मूल्य वर्ग के सिक्के, निम्नलिखित विमाओं और संरचना के अनुरूप होंगे, अर्थात् :-

सिक्के का मूल्य वर्ग	आकार और बाह्य व्यास	दांतेदार किनारों की संख्या	धातु संरचना
(1)	(2)	(3)	(4)
एक सौ पच्चीस रूपये	वृत्ताकार मिलीमीटर 44	200	चतुर्थक मिश्र धातु रजत - 50 प्रतिशत तांबा - 40 प्रतिशत निकिल - 05 प्रतिशत जस्ता - 05 प्रतिशत

4. **डिज़ाइन.-** सिक्के का डिज़ाइन इन नियमों की पहली अनुसूची में यथा विनिर्दिष्ट होगा।

5. मानक वजन और अनुज्ञात उपचार .- डॉ. पंजाबराव उपाख्य भाऊसाहेब देशमुख की 125 वीं जयंती के अवसर पर स्मरणोत्सव मनाने के लिए नियम 2 में निर्दिष्ट उपरोक्त मूल्यवर्ग के ढाले गए सिक्के का मानक वजन और ऐसे सिक्के को बनाने में अनुज्ञात उपचार वह होगा जो इन नियमों की दूसरी अनुसूची में यथा विनिर्दिष्ट है।

प्रथम अनुसूची

(नियम 4 देखें)

एक सौ पच्चीस रूपये

अग्र भाग:

सिक्के के मुख भाग पर मध्य में अशोक स्तम्भ का सिंह स्तम्भ शीर्ष होगा, जिसके नीचे **"सत्यमेव जयते"** लेख उत्कीर्णित होगा, उसकी बाईं परिधि पर देवनागरी लिपि में **"भारत"** शब्द और दाईं परिधि पर अंग्रेजी में **"INDIA"** शब्द होगा। सिंह स्तम्भ शीर्ष के नीचे रुपये का प्रतीक **" ` "** और अंतर्राष्ट्रीय अंकों में अंकित मूल्य **"125"** भी होगा ।

पृष्ट भाग:

सिक्के के इस भाग के मध्य में "**डॉ. पंजाबराव उपाख्य भाऊसाहेब देशमुख**" का चित्र होगा । सिक्के की उपरी परिधि पर देवनागरी लिपि में "**डॉ. पंजाबराव उपाख्य भाऊसाहेब देशमुख"** तथा **"125 वीं जयंती"** लिखा होगा। सिक्के की निचली परिधि पर अँग्रेजी मे **"DR. PANJABRAO ALIAS BHAUSAHEB DESHMUKH"** तथा **"125TH BIRTH ANNIVERSARY"** लिखा होगा ।! अंतर्राष्ट्रीय अंकों में वर्ष **"1898"** तथा"**2023"** क्रमशः **डॉ पंजाबराव उपाख्य भाऊसाहेब देशमुख** के चित्र के बाई तथा दाई परिधि अंकित होंगे।

दूसरी अनुसूची

(नियम 5 देखें)

सिक्के का मूल्य वर्ग	मानक वजन	अनुज्ञात उपचार	
		धातु संयोजन में	मानक वजन में
(1)	(2)	(3)	(4)
एक सौ पच्चीस रूपय	35 ग्राम	चांदी के लिए 1/500वां हिस्सा जमा या घटा अर्थात् चांदी का अंश प्रति 1000 में 498 से 502 के बीच हो सकेगा।	1/100वां हिस्सा जमा या घटा अर्थात् वजन 34.65 ग्राम से 35.35 ग्राम तक हो सकता है।

[फा. सं. 02/28/2023- सिक्का]

अपर्णा भाटिया, सलाहकार

MINISTRY OF FINANCE

(Department of Economics Affairs)

NOTIFICATION

New Delhi, the 21st December, 2023

G.S.R. 905(E).—In exercise of the powers conferred by clauses (d) and (e) of sub-section (2) of section 24 of the Coinage Act, 2011(11 of 2011), the Central Government hereby makes the following rules, namely: -

1. **Short title and commencement**.- (1) These rules may be called the Coinage (Issue of Commemorative Coin on the occasion of 125th Birth Anniversary of Dr. Panjabrao Alias Bhausaheb Deshmukh) Rules, 2023.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. **Denomination of coin**.- The coin of One Hundred Twenty Five Rupees denomination shall be coined at the Mint for issue under the authority of the Central Government on the occasion of 125th Birth Anniversary of Dr. Panjabrao Alias Bhausaheb Deshmukh.

3. **Dimension and composition of coin**.- The denomination of the coin mentioned in rule 2 shall conform to the following dimensions and composition, namely:-

Denomination of coin	Shape and outside diameter	Number of serrations	Metal composition
(1)	(2)	(3)	(4)
One Hundred Twenty Five Rupees	Circular 44 millimeter	200	**Quaternary Alloy** Silver - 50 per cent. Copper - 40 per cent. Nickel - 05 per cent. Zinc - 05 per cent.

4. **Design**. - The design of the coin shall be as specified in the First Schedule to these rules.

5. **Standard weight and remedy allowed**.- The standard weight of the coin of the denomination referred in rule 2 shall be coined to commemorate the occasion of 125th Birth Anniversary of Dr. Panjabrao Alias Bhausaheb Deshmukh and the remedy allowed in making of such coin shall be as specified in the Second Schedule to these rules.

IndiaCode

THE FIRST SCHEDULE

[See rule 4]

ONE HUNDRED TWENTY FIVE RUPEES

OBVERSE:

This face of the coin shall bear the Lion Capitol of Ashoka Pillar in the centre with the legend **"सत्यमेव जयते"** inscribed below, flanked on the left periphery with the word **"भारत"** in Devnagari script and on the right periphery with the word "**INDIA**" in English. It shall also bear the Rupee symbol **"₹"** and denominational value "**125**" in the international numerals below the Lion Capitol.

REVERSE:

This face of coin shall bear the image of Dr. Panjabrao Alias Bhausaheb Deshmukh. The inscription **"डॉ. पंजाबराव उपाख्य भाऊसाहेब देशमुख"** and **"125 वीं जयंती"** in devnagari script shall be written on the upper periphery. The inscription **"DR. PANJABRAO ALIAS BHAUSAHEB DESHMUKH"** and **"125th BIRTH ANNIVERSARY"** in English shall be written on the lower periphery of the coin. The year "**1898"** and **"2023**" in international numerals shall be flanked on the left and right side of the image of **DR. PANJABRAO ALIAS BHAUSAHEB DESHMUKH**,

Second Schedule

[See rule 5]

Denomination of coin	Standard weight	Remedy allowed	
		In composition	In standard weight
(1)	(2)	(3)	(4)
One Hundred Twenty Five Rupees	35 Grams	1/500th plus or minus for Silver, that is to say the Silver content may vary from 498 to 502 per 1000.	1/100th plus or minus, that is to say weight could be 34.65 grams to 35.35 grams.

[F. No. 02/28/2023-Coin]

APARNA BHATIA, Adviser

Uploaded by Dte. of Printing at Government of India Press, Ring Road, Mayapuri, New Delhi-110064
and Published by the Controller of Publications, Delhi-110054.

MANOJ KUMAR VERMA Digitally signed by MANOJ KUMAR VERMA Date: 2023.12.21 22:18:30 +05'30'